दिनांक 04.11.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ.एवं.सुंदर.भिलाई

सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले श्री मकसुदन ठाकुर पिता श्री महेन्द्र सिंह ठाकुर सहायक ग्रेड- 03 सम्पदा विभाग, श्री जीवन लाल सेन पिता श्री संतराम चौकीदार जोन 02, श्रीमती जनता बाई पति श्री विष्णु प्रसाद मजदुर जोन 02 को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, पार्षद चुम्मन देशमुख, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , प्र. शिक्षा अधिकारी वाय राजेन्द्र राव ने शाॅल , श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर निगम के अधिकारी , कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दी। इस अवसर पर सभापति ने कहा कि आप लोगों की कमी हमेशा रहेगी , अनुभवी लोगों की आवश्यकता सदैव होती है निचले स्तर के हर व्यक्ति तक आपकी पहचान है हम लोग हमेशा एक परिवार की तरह रहेंगे। पार्षद चुम्मन देशमुख ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों से कहा कि आप लोगों अपने सेवाकाल में अच्छा कार्य किया यह आपकी कार्य कुशलता को दर्शाता है आप लोगों के अनुभव की आवश्यकता सदैव निगम को रहेगी। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष संस्था को दिये हैं और निगम में अच्छे कार्य कर सेवानिवृत्त हो रहें हैं इसके लिए बधाई के पात्र है। निगम परिवार इनके शेष जीवन की उज्जवल भविष्य की एवं दीर्घायू होने की कामना करता है ।

जनसम्पर्क अधिकारी